13-11-2026_Layout 1 14-11-2026 01:01 Page 1



jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

अनमोल वचन

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 285 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, शनिवार 14 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

St. Soldier GROUP OF INSTITUTIONS SINCE 1958

EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE

64 YEARS OF EXCELLENCE | More Than Just Education... | 2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses

➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄

CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com

LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE

CORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

असम के काजीरंगा में भीषण हादसा, मिनी बस और कंटेनर के बीच जोरदार टक्कर, 23 की मौत

आमने-सामने हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, घायल यात्रियों को तुरंत कोहोरा मॉडल अस्पताल पहुंचाया

- बेहतर इलाज के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज रेफर किया
- घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी
- यात्री निकालने के लिए रेस्क्यू टीम ने बस का हिस्सा काटा

जालंधर सिटी लाइव





पुलिस बोली- तेज रफ्तार में थी मिनी बस

गोलाघाट के एसएसपी स्वप्ननील डेका ने बताया कि मिनी बस बोकाखाट से नगांव की तरफ जा रही थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि बस काफी तेज गति से चल रही थी। इसी दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से उसकी सीधी टक्कर हो गई।

असम के काजीरंगा में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में कई लोगों की जान चली गई। यहां तेज रफ्तार मिनी बस और कंटेनर ट्रक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मीडिया रिपोर्ट्स में मृतकों की संख्या 23 बताई जा रही है। मृतकों में ज्यादातर छात्र बताए जा रहे हैं। हादसे में घायल यात्रियों को तुरंत कोहोरा मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल लोगों की हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। रेस्क्यू टीम बस में फंसे लोगों को निकालने जुटी रही। हादसा इतना भीषण था कि मिनी बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के कारण कई यात्री बस के अंदर ही फंस गए। बचाव दल को शवों और घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। यात्रियों को निकालने के लिए रेस्क्यू टीम ने बस के हिस्सों को काटा।

बिजली बिल बकाया है तो मिल गई बड़ी राहत!

सीएम भगवंत मान ने लॉन्च की ओटीएस स्कीम

- पंजाब के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए मान सरकार ने बड़ी राहत का किया ऐलान
- 31 मार्च 2026 तक बकाया बिजली बिलों पर पूरा ब्याज और जुर्माना माफ किया जाएगा
- बकाया बिजली बिल वाले उपभोक्ता इस योजना से पुराना हिसाब-किताब निपटा सकेंगे

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बड़ी राहत का ऐलान किया है। शुक्रवार (13 नवंबर) को उन्होंने बिजली बिलों के बकाया भुगतान के लिए वनटाइम सेटलमेंट (ह्वञ्स्) स्कीम शुरू की। इस योजना के तहत 31 मार्च 2026 तक के बकाया बिजली बिलों पर लगाया गया पूरा ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया जाएगा। उपभोक्ताओं को अब केवल बिजली बिल की मूल राशि ही जमा करवानी होगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया कि ह्वञ्स्-स्कीम को 45 दिनों के लिए लागू किया गया है। इस दौरान बकाया बिजली बिल वाले घरेलू उपभोक्ता योजना का लाभ उठाकर अपना पुराना हिसाब-किताब निपटा सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य उन उपभोक्ताओं को राहत देना है, जिनकी देनदारी काफी बढ़ गई है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल की मूल राशि का 25 प्रतिशत हिस्सा शुरुआत में जमा करवाना होगा। इसके बाद बची हुई 75 प्रतिशत रकम को दो किस्तों में चुकाने की सुविधा दी जाएगी। इन दोनों किस्तों के भुगतान के लिए 6-6 महीने का समय मिलेगा। इससे उपभोक्ताओं को एक साथ पूरी रकम जमा कराने का दबाव नहीं रहेगा और वे आसानी से अपना बकाया चुका सकेंगे।



पंजाब के 24.86 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को होगा फायदा


सरकार के मुताबिक, इस योजना से पंजाब के करीब 24.86 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। इन उपभोक्ताओं पर कुल 2,516 करोड़ रुपये की बकाया राशि है। इसमें से करीब 518 करोड़ रुपये की पेनल्टी और ब्याज पूरी तरह माफ किया जाएगा। यानी उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि का भुगतान करके अपने पुराने बिजली बिलों का निपटारा करने का मौका मिलेगा।

यूएई में बड़ा एक्सीडेंट:

ट्रकों की टक्कर से भारतीयों समेत 14 लोगों की मौत, 30 घायल

जालंधर सिटी लाइव

फुजैराह: संयुक्त अरब अमीरात (AE) के फुजैराह में शेख खलीफा बिन जायद स्ट्रीट पर एक ट्रक बेकाबू होकर कई वाहनों से टकरा गया। इस हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए।श्र में भारतीय दूतावास ने हादसे में जान गंवाने वाले 14 लोगों में भारतीय नागरिकों के शामिल होने की पुष्टि की है। वहीं घायलों में भारतीय नागरिक भी शामिल हैं।श्र के गृह मंत्रालय ने बताया कि टक्कर के बाद कई वाहनों में आग लग गई। गुरुवार को 'X' (ट्विटर) पर जारी एक बयान में मंत्रालय ने बताया कि यह हादसा आधी रात से पहले फुजैराह के प्रवेश द्वार के पास हुआ। ट्रक चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया, जिससे ट्रक पहले एक अन्य वाहन से टकराया और फिर पलट गया। इसके बाद वह धीमी गति के कारण रुकी हुई कई अन्य गाड़ियोंसे जा टकराया। मंत्रालय ने कहा, ÷फुजैराह पुलिस की जनरल कमांड ने शेख खलीफा बिन जायद स्ट्रीट पर, फुजैराह के प्रवेश द्वार के पास आधी रात से पहले हुए इस गंभीर सड़क हादसे की जानकारी दी है। इसमें 14 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग अलग-अलग तरह से घायल हुए हैं। फुजैराह पुलिस के अनुसार, टक्कर के बाद ट्रक में आग लग गई, जो कई अन्य वाहनों तक फैल गई। इससे काफी जान-माल का नुकसान हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की विशेष टीमें, एंबुलेंस, बचाव दल और सिविल डिफेंस के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए।



'रामायण' ने बनाया रिकॉर्ड, 8 दिन में 1000 करोड़ से ज्यादा कमाए

- नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म ने शानदार कमाई के दम पर जगह बना ली

जालंधर सिटी लाइव

रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश स्टारर फिल्म 'रामायण' बॉक्स ऑफिस पर लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के महज 8 दिनों के भीतर फिल्म ने दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही 'रामायण' 1,000 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली 11वीं भारतीय फिल्म बन गई है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने अपनी शानदार कमाई के दम पर भारतीय सिनेमा की बड़ी व्यावसायिक सफलताओं में जगह बना ली है। फिल्म के आठवें दिन यानी 12 नवंबर के कलेक्शन के बाद 'रामायण' की कुल वर्ल्डवाइड कमाई 1,033.55 करोड़ रुपये हो गई है। फिल्म ने भारतीय बाजार के साथ-साथ विदेशी सिनेमाघरों में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। अब यह फिल्म 'दंगल', 'बाहुबली 2', 'पुष्पा 2' और 'धुरंधर 2' जैसी 1,000 करोड़ से अधिक कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों की सूची में शामिल हो गई है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक कुल 675.05 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसमें 564.60 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन शामिल है। वहीं, विदेशी बाजारों से फिल्म को 358.50 करोड़ रुपये की कमाई हुई है। हालांकि वीरवार 12 नवंबर को फिल्म की भारत में कमाई में एक बार फिर गिरावट दर्ज की गई।



दुनियाभर की कमाई में भारत का 65.3त हिस्सा

'रामायण' की कुल वर्ल्डवाइड कमाई में भारतीय बाजार की हिस्सेदारी 65.3 प्रतिशत है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजारों से फिल्म को 34.7 प्रतिशत कमाई हासिल हुई है। पहले ही हफ्ते में 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करना फिल्म के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश की मौजूदगी के साथ फिल्म को देश और विदेश दोनों जगह दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

जालंधर में सुबह-सुबह फुटबॉल चौक पर बस ने 3 गाड़ियों को मारी टक्कर, बीच सड़क जमकर हंगामा

चौक पर ट्रैफिक जाम लग गया और लोग आधे घंटे से ज्यादा समय तक फंसे रहे

- बस चालक गिरफ्तार, ड्राइवर के अनुसार ब्रेक फेल होने से गाड़ियों से टक्कर हुई
- लोगों का कहना है ब्रेक फेल नहीं हुई, बल्कि बस ड्राइवर को नींद की झपकी आई

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिनः जालंधर में सुबह-सुबह फुटबॉल चौक पर एक बस ने 3 गाड़ियों को टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद चौक पर कार चालकों ने बस ड्राइवर को पकड़ लिया और जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान चौक पर ट्रैफिक जाम लग गया और लोग आधे घंटे से ज्यादा समय तक फंसे रहे। बस चालक को काबू कर लिया गया। बस ड्राइवर का कहना है कि ब्रेक फेल होने के कारण गाड़ियों से टक्कर हो गई पर लोगों का कहना है कि बस की कोई ब्रेक फेल नहीं हुई है, बल्कि बस ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ है। आरोप है कि लाइसेंस भी चालक का नहीं है। कार चालक ने कहा कि वह बेटे को स्कूल छोड़कर वापिस घर जा रहा था। इस दौरान वह फुटबॉल चौक की रेड लाइट पर खड़ा था। इस दौरान बस चालक ने पीछे से गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद बस ने स्विफ्ट गाड़ी और ब्रेजा कार को टक्कर मार दी। ड्राइवर ने कहा ब्रेक फेल होने के कारण हादसा हुआ। वहीं अन्य कार चालक का कहना है कि ड्राइवर बस को काफी तेजी से चला रहा था। बस की ब्रेक फेल नहीं हुई है।



तेजी से बस चलाई, पुलिस के लेट आने पर गुस्सा

इसी बात को लेकर बीच चौक पर जमकर हंगामा हुआ। ऐसे में बस ड्राइवर से परमिट और लाइसेंस के बारे में पूछा गया तो उसके पास घटनास्थल पर कुछ मौजूद नहीं था। इस दौरान जब बस चालक ने फोन पर फोटो दिखाई तो लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। पुलिस को इस हादसे की जानकारी दी गई, पर आधे घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी कोई पुलिस अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

जालंधर के फिल्लौर नेशनल हाईवे पर सुबह-सुबह हादसा

ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराया कैंटर, ड्राइवर की मौत, कैबिन काटकर निकाला शव

- स्स्त्र टीम ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया
- कैंटर (नंबर PB11 CT 8318) का अगला हिस्सा पूरी तरह हो गया क्षतिग्रस्त

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिनः जालंधर के फिल्लौर नेशनल हाईवे पर आयशर कैंटर और विज्ञापन होर्डिंग लदी स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच जोरदार टक्कर हो गई। शुक्रवार सुबह 4 बजे हुए हादसे में कैंटर ड्राइवर सुखपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। वह क्षतिग्रस्त केबिन में बुरी तरह फंस गया था। स्स्त्र की टीम ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। NHAI की टीम ने हाइड्रा क्रेन की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया, जिसके बाद यातायात बहाल हो सका। फिल्लौर थाने में सूचना दी गई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैंटर (नंबर PB11 CT 8318) का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक सुखपाल सिंह का पैर बुरी तरह टूट गया था और वह केबिन में फंसा हुआ था। राहगीर की सूचना पर स्स्त्र इंचार्ज जसविंदर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से केबिन को काटकर चालक को बाहर निकाला।



दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भागा

मौके पर ट्राइएज टीम ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया और पैर पर पट्टी बांधकर खून रोकने का प्रयास किया। इसके बाद नेशनल हाईवे एंबुलेंस 1033 की मदद से उसे सिविल अस्पताल फिल्लौर पहुंचाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। स्स्त्र इंचार्ज जसविंदर सिंह के मुताबिक, कैंटर की टक्कर स्वराज 735 ट्रैक्टर-ट्रॉली से हुई थी, जिस पर बड़ा विज्ञापन होर्डिंग लगा हुआ था। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भाग गया।

INNOCENT HEARTS SCHOOL
Learning Today... Leading Tomorrow !
Nursery to Grade-12
(Affiliated to CBSE)
1800 833 4600 www.innocenthearts.in

ADMISSION OPENS SESSION 2027 -28
REGISTRATIONS START FROM AUGUST 04, 2026
*Seat availability as per the vacancy at respective campuses

NURSERY, LKG & UKG

Our Campuses in Jalandhar*
GMT Green Model Town | LOHARAN Nakodar Road | DIWALI Cantt.- Jandiala Road
NOORPUR Pathankot Road | KPT. ROAD Sports & Surgical Complex, Kapurthala Road



CMYK

13-11-2026_Layout 1 14-11-2026 01:01 Page 2

लुधियाना में प्रॉपर्टी डीलर से मांगी 3 करोड़ की फिरौती, परिवार को भी मिल रही धमकियां!

लुधियाना से फिरौती और धमकी देने का गंभीर मामला आया सामने

- प्रॉपर्टी डीलर से मांगे 3 करोड़, परिवार को भी मिल रही धमकियां!
- आरोपी ने वॉट्सऐप पर धमकी भरे मैसेज और वॉयस मैसेज भी भेजे

जालंधर सिटी लाइव



लुधियाना। पंजाब के लुधियाना से फिरौती और धमकी देने का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां न्यू शिवाजी नगर के एक प्रॉपर्टी डीलर और उसके परिवार को 3 करोड़ की फिरौती के लिए धमकियां दी जा रही हैं। अज्ञात आरोपी अलग-अलग मोबाइल नंबरों से प्रॉपर्टी डीलर दीपक गुप्ता और उसके भाई संदीप गुप्ता को फोन कर फिरौती मांग रहा है। इतना ही नहीं, आरोपी ने वॉट्सऐप पर धमकी भरे मैसेज और वॉयस मैसेज भी भेजे हैं। मामले की शिकायत मिलने के बाद थाना डिवीजन नंबर-3 की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शिकायत अनुसार, आरोपी भारतीय और विदेशी मोबाइल नंबरों से फोन कर 3 करोड़ की फिरौती मांग रहा है। इसके अलावा 12 नवंबर को वॉट्सऐप के जरिए धमकी भरे मैसेज और वॉयस मैसेज भी भेजे गए हैं। फिलहाल धमकी देने वाले किसी गैंग से जुड़े हैं या नहीं, इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

धमकी में इस्तेमाल मोबाइल नंबरों की जांच

वहीं, थाना प्रभारी गुरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने ब्नहस् की धारा 308(2) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस धमकी देने के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपी की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

जालंधर-पठानकोट में हल्की बारिश, सुबह-शाम धुंध का अलर्ट, चंडीगढ़ के मुकाबले 7 जिलों में प्रदूषण ज्यादा

- प्रदेश के कुछ इलाकों में रात-सुबह हल्की से मध्यम धुंध छाने की संभावना
- अधिकतम तापमान में 0.2 डिग्री की बढ़ोतरी, सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर और पठानकोट में मौसम का मिजाज बदला, कई जगह छाए बादल



पंजाब के जालंधर और पठानकोट में हल्की बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया है। इसके साथ ही जालंधर में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने हिमाचल से सटे जिलों में कुछ स्थानों पर बहुत हल्की बारिश का अनुमान जताया था। वहीं, प्रदेश के कुछ इलाकों में रात और सुबह के समय हल्की से मध्यम धुंध छाने की संभावना है। इसके बाद प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। अधिकतम तापमान में 0.2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। हालांकि रात और सुबह प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम धुंध छा सकती है। बठिंडा में सबसे अधिक 33.1 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसके प्रभाव से मध्य क्षोभमंडल में पश्चिमी हवाओं का असर बना हुआ है। पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक पंजाब और चंडीगढ़ के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। 14 नवंबर के बाद मौसम ड्राई रहने की संभावना है।

पराली जलाने से बढ़ रहा है प्रदूषण

पराली जलाने की घटनाओं के बीच पंजाब और चंडीगढ़ में वायु प्रदूषण का स्तर बना हुआ है। चंडीगढ़ में AQI 91 दर्ज किया गया, जबकि पंजाब के 7 शहरों में यह इससे अधिक रहा। लुधियाना में सबसे अधिक 288 AQI दर्ज किया गया। बठिंडा में 246, अमृतसर में 221, पटियाला में 211, खन्ना में 174, मंडी गोबिंदगढ़ में 155 और जालंधर में 150 AQI रहा। वहीं, रूपनगर में AQI 50 दर्ज किया गया, जो चंडीगढ़ से 41 अंक कम है।

पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका!

हलके की इंचार्ज डॉ. सोनिया मान की नीतियों से पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं में नाराजगी

- सुखदीप सिंह छीना ने अपना इस्तीफा पार्टी के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा को भेजा
- हलका इंचार्ज राजबीर छीना व एससी विंग कोऑर्डिनेटर गुरदेव जोबन झंझोटी ने छोड़ी पार्टी

जालंधर सिटी लाइव



पंजाब में विधानसभा चुनाव 2027 से पहले आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। पार्टी में टिकटों को लेकर नाराजगी सामने आने लगी है। पंजाब डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के डायरेक्टर सुखदीप सिंह छीना समेत अमृतसर के राजासांसी हलके के तीन नेताओं ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सुखदीप सिंह छीना ने अपना इस्तीफा पार्टी के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा को भेजा है। छीना के साथ राजासांसी के हलका संगठन इंचार्ज राजबीर सिंह छीना और हलके के एससी विंग के कोऑर्डिनेटर गुरदेव सिंह जोबन झंझोटी ने भी पार्टी छोड़ दी है। सुखदीप सिंह छीना ने बताया कि वह पिछले 13 वर्षों से आम आदमी पार्टी के साथ जुड़े हुए थे। छीना ने आरोप लगाया कि राजासांसी हलके की इंचार्ज डॉ. सोनिया मान की नीतियों से पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। उन्होंने हाईकमान से मांग की है कि राजासांसी से सोनिया मान को दिए गए टिकट पर दोबारा विचार किया जाए और किसी योग्य व जीतने वाले कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाया जाए।

चमकौर साहिब के विधायक भी नाराज!

वहीं, रोपड़ के चमकौर साहिब से विधायक डॉ. चरणजीत सिंह चन्नी भी टिकट कटने से नाराज बताए जा रहे हैं। उनकी जगह जसबीर सिंह गढ़ी को उम्मीदवार बनाया गया है। ऐसे में चर्चा है कि वह भी आम आदमी पार्टी छोड़ सकते हैं। फिलहाल, पंजाब में टिकटों को लेकर ब्लक के भीतर नाराजगी का दौर जारी है। अब देखना होगा कि पार्टी हाईकमान नाराज नेताओं को मनाने में कामयाब होता है या आगे इस्तीफों की संख्या और बढ़ती है।

पंजाब में अमूल और मदर डेयरी के बाद अब वेरका ने भी बढ़ाए दूध के रेट, आम लोगों की जेब पर बढ़ेगा बोझ!

जालंधर सिटी लाइव


verka
verka
verka

13-11-2026_Layout 1 14-11-2026 01:01 Page 3

विश्वकर्मा पूजा और भगवान वाल्मीकि सत्संग का आयोजन, सामाजिक एकता का दिया संदेश

पंजाब केसरी ग्रुप के अभिजय चोपड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत, शिक्षा को बताया समाज की तरक्की का सबसे बड़ा आधार

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर, (मज़हर): नगर निगम ड्राइवर टेक्निकल एंड जेसीबी ऑपरेटर यूनियन (रजिस्टर्ड), जालंधर की ओर से नगर निगम वर्कशॉप, लंबा पिंड चौक में विश्वकर्मा पूजा एवं भगवान वाल्मीकि सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ड्राइवर यूनियन के प्रधान अनिल सभ्रवाल ने की, जबकि पंजाब केसरी ग्रुप के अभिजय चोपड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर अभिजय चोपड़ा ने भगवान वाल्मीकि जी महाराज और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की

■ प्रधान अनिल सभ्रवाल और उनकी कमेटी ने अभिजय चोपड़ा को स्मृति चिह्न व पुस्तक देकर किया सम्मानित

तरक्की के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। बाबा साहेब अंबेडकर ने शिक्षा को शेरनी का दूध बताते हुए कहा था कि जो इसे पिएगा, वह दहाड़ेगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी महाराज और बाबा साहेब के विचार समाज को



पंजाब केसरी ग्रुप के अभिजय चोपड़ा को सम्मानित करते हुए ड्राइवर यूनियन के प्रधान अनिल सभ्रवाल, राजेश गुल, एडवोकेट नईम खान, राजेश भट्टी, गौरव गुल, जुगल किशोर, मनदीप, अनूप गुल, जुनी व अन्य।

समानता, भाईचारे और सम्मान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कामना की कि धार्मिक आयोजन जालंधर में सामाजिक सद्भाव, धार्मिक सहिष्णुता और मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बनें। इस दौरान उन्होंने यूनियन के प्रधान अनिल सभ्रवाल और उनकी पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

इस मौके पर यूनियन के प्रधान अनिल सभ्रवाल और चेयरमैन राकेश गिल ने अभिजय चोपड़ा को बुके और स्मृति चिह्न व पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया।

प्रधान अनिल सभ्रवाल ने कहा कि हर वर्ष पंजाब केसरी परिवार के सदस्यों से ही विश्वकर्मा पूजा और भगवान वाल्मीकि सत्संग की शुरुआत करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि इस बार भी पंजाब केसरी ग्रुप के अभिजय चोपड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर यूनियन का मान-सम्मान बढ़ाया है। इसके लिए पूरी कमेटी उनकी आभारी है।

वहीं, मुस्लिम संगठन पंजाब के प्रधान एडवोकेट नईम खान ने अनिल सभ्रवाल और उनकी पूरी कमेटी को कार्यक्रम की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की एक मिसाल बनकर सामने आया है। इसमें सभी धर्मों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर यह संदेश दिया कि समाज में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है और आपसी एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस मौके पर कौमी सिंगर पवन द्रविड़ और राही जी ने संगत को धार्मिक गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर ड्राइवर यूनियन के चेयरमैन राकेश गिल , सिटी वाल्मीकि सभा के प्रधान राजेश भट्टी, श्री चंदन ग्रेवाल, मुस्लिम संगठन पंजाब के प्रधान एडवोकेट नईम खान, सुपरवाइजर यूनियन के प्रधान सन्नी सेठी, गौरव गुल, जुगल किशोर, मनदीप, अनूप गुल, जुनी, अमर कल्याण, राज कुमार राजू, कुनाल, जय राज , सौरभ, साहिल गिल, नितिन, सिकंदर शेख, सनी कुमार, कुलदीप, मंदीप, सिकंदर गिल, राहुल गिल, रंजीत, बंटी, असगर अली, अजय थापर, रिंकू थापर, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

रयात बहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन



जालंधर सिटी लाइव

होशियारपुरः युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रयात बहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ द्वारा गांव बहादुरपुर बाहियां में एक नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह पहल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) और विस्तारित सामाजिक उत्तरदायित्व (ESR) गतिविधियों के अंतर्गत की गई। इस रैली में कुल 47 विद्यार्थियों और एक संकाय सदस्य ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों और विशेष रूप से युवा वर्ग को नशाखोरी से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में जागरूक किया तथा नशा मुक्त एवं स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। रैली का आयोजन कुलपति डॉ. चंदर मोहन और विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका पुरी के कुशल मार्गदर्शन में किया गया, जबकि इसका समन्वय इतिहास के सहायक प्रोफेसर श्री जतिंदर कुमार द्वारा किया गया।



के.एम.वी. कॉलेजिएट सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा 'के.एम.वी. करिज़्मा 2026' का आयोजन

प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन



21 स्कूलों के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने इस विशाल आयोजन में उत्साहपूर्वक लिया भाग

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। के.एम.वी. कॉलेजिएट सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा 'के.एम.वी. करिज़्मा 2026' अंतर-स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा और रचनात्मक क्षमताओं को विभिन्न मंचों के माध्यम से उजागर करना था। इस अवसर पर 21 विभिन्न स्कूलों के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने सोलो सिंगिंग, ग्रुप डांस, कोरियोग्राफी, सोलो डांस, सुडोकू ड्रू द माइंड गेम, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, नेल डिजाइनिंग, कॉस्ट्यूम परेड, रील मेकिंग, फोटोग्राफी, न्यूज़ फ्लैश, मेहंदी, सलाद मेकिंग, सतत विकास के लिए विज्ञान एवं इनोवेशन, मिमिक्री और सुलेख जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में पूरे जोश और उत्साह के साथ भागलिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नीरजा चंदर मोहन, सदस्य, के.एम.वी. प्रबंध समिति और डॉ. सुषमा



चावला (उपाध्यक्ष, के.एम.वी. प्रबंध समिति) उपस्थित रहीं। डॉ. सतपाल गुप्ता एवं श्रीमती शिव मित्तल ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर कॉलेज की डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को अपनी व्यक्तित्व क्षमता के नए आयाम तलाशने और अपनी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने उनकी रचनात्मकता की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने केलिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चुनौतियाँ सदैव जीवन में आगे बढ़ने और विकास करने के नए अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने श्रीमती आनंद प्रभा (कोऑर्डिनेटर, के.एम.वी. कॉलेजिएट सीनियर सेकेंडरी स्कूल), डॉ. मधुमीत (डीन, विद्यार्थी कल्याण विभाग एवं अध्यक्ष, पोस्ट ग्रेजुएट अंग्रेज़ी विभाग) तथा संपूर्ण कॉलेजिएट टीम द्वारा इस विशाल आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की।

सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी एवं आकर्षक वेशभूषा धारण कर मंच पर पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रत्येक विद्यार्थी ने एक अलग व्यक्तित्व एवं भूमिका को प्रस्तुत किया, जिससे यह प्रतियोगिता मनोरंजक होने के साथ-साथ ज्ञानवर्धक भी बनी। विद्यार्थियों ने डॉक्टर, सेना अधिकारी, शिक्षक सहित समाज के विभिन्न महत्वपूर्ण व्यवसायों एवं भूमिकाओं को खूबसूरती से प्रस्तुत किया। अपनी शानदार प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने विभिन्न व्यवसायों के महत्व तथासमाज के विकास में उनके अमूल्य योगदान को दर्शाया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल श्री अमरीक सिंह ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं प्रयासों की प्रशंसा की तथा उन्हें भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए एक शानदार शिक्षाप्रद अनुभव सिद्ध हुई, जिसने उनमें मंच पर आत्मविश्वास, संवाद कौशल एवं रचनात्मकता विकसित करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यवसाय के प्रति सम्मान एवं आदर की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

सीटी ग्रुप और जीडीजी ने 'डेवफेस्ट जालंधर 2026' का किया सफल आयोजन

जालंधर सिटी लाइव


विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के गुर

जालंधरः उद्योग जगत की विशेषज्ञता, उभरती तकनीकों और व्यावहारिक ज्ञान को एक मंच पर लाते हुए सीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, शाहपुर ने गूगल डेवलपर ग्रुप्स (त्रष्ठत्त) जालंधर के सहयोग से 'डेवफेस्ट जालंधर 2026' का सफल आयोजन किया। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग तथा कंप्यूटर एप्लीकेशंस (ष्टस्श्व-ष्ट) विभाग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन ने विद्यार्थियों को शीर्ष तकनीकी पेशेवरों से संवाद करने तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ), मशीन लर्निंग और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के तेजी से बदलते दौर को करीब से समझने का अवसर प्रदान किया। 'एनीबडी कैन कोड' (कोई भी कोडिंग कर सकता है) के समावेशी दृष्टिकोण पर आधारित इस कार्यक्रम में माइक्रोसॉफ्ट की सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रियंका तनेजा, निवी.एआई (ह्वद्व2द्ब.ड्डद्ब) के सह-संस्थापक व सीटीओ गौरव मदान, ग्लोबैंट के डेटा साइंटिस्ट यश कवैया और मायकॉम (द्व4ष्प्रद्व) की फ्रंटएंड आर्किटेक्ट अपराजिता वर्मा ने मुख्य वक्ताओं के रूप में शिरकत की। विशेषज्ञ सत्रों, तकनीकी प्रदर्शनों और संवादात्मक चर्चाओं के माध्यम से वक्ताओं ने विद्यार्थियों को आधुनिक औद्योगिक कार्यप्रणाली, वास्तविक जीवन में तकनीक के उपयोग और भविष्य के अनुरूप समाधान तैयार करने के लिए आवश्यक कौशलों से अवगत कराया।

सम्मेलन का मुख्य आकर्षण प्रियंका तनेजा का सत्र ÷जेनेरेटिव से एजेंटिक एआई तक– स्त्रष्टक् ह्मन्न और स्त्रष्ठद्दश्रष्ठक्र के साथ इंटेलिजेंट एप्लीकेशन का निर्माण÷ रहा, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे इंटेलिजेंट एजेंट्स और आधुनिक डेवलपमेंट टूल्स एंटरप्राइज एप्लीकेशन के स्वरूप को बदल रहे हैं। गौरव मदान ने स्टार्टअप्स के



लिए स्केलेबल टेक्नोलॉजी स्टैक तैयार करने की बारीकियां साझा कीं, जबकि यश ने मशीन लर्निंग पाइपलाइन और डेटा साइंस के व्यावहारिक उपयोग पर प्रकाश डाला। अपराजिता वर्मा ने आधुनिक फ्रंटएंड आर्किटेक्चर, मजबूत यूजर इंटरफेस (ढ्ढ) डिजाइन और उच्च-प्रदर्शन वाले डिजिटल अनुभव विकसित करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान ऑन-डिवाइस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का लाइव प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें फ्लटर (स्त्रद्यह्लह्लह्लद्दह्ल) और हल्के एआई मॉडल्स—जैसे जेम्मा 4 ई2बी (त्तद्दद्बद्धड्डु 4 श्व2क्क), व्हिस्पर टाइनी (ड्ड्रद्धद्बह्यश्चद्दह्ल ञ्जद्बठ्ठ4) और इन्फ्लेक्ट-नैनो (ढ्ठठ्ठद्धद्बद्यद्दष्ह्ल-ह्वड्डठ्ठश्र)—की मदद से विकसित गोपनीयता-केंद्रित (प्राइवेसी-फोकस्ड) एप्लीकेशन दिखाए गए। इन प्रदर्शनों ने स्पष्ट किया कि बाहरी सर्वर पर निर्भर रहे बिना सीधे डिवाइस पर स्पीच-टू-टेक्स्ट और संवादात्मक (कन्वर्सेशनल) एआई सुविधाएं कैसे काम कर सकती हैं। जीडीजी जालंधर के साथ इस साझेदारी ने अकादमिक शिक्षा और पेशेवर डेवलपर इकोसिस्टम के बीच की कड़ी को और मजबूत किया। प्रौद्योगिकी पेशेवरों, डेवलपर्स और युवा नवप्रवर्तकों को एक साझा मंच पर लाने के लिए सिमरप्रीत सिंह और जीडीजी जालंधर की पूरी आयोजन टीम के प्रयासों की विशेष सराहना की गई। यह आयोजन सीटीआईटी (ष्टञ्जढ्ढञ्ज) की प्रिंसिपल डॉ. अंकिता गुप्ता और सीटीआईईएमटी (ष्टञ्जढ्ढश्वरञ्ज) के प्रिंसिपल डॉ. संदीप रंजन के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए सीटी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मनबीर सिंह ने पंजाब को तकनीकी प्रतिभा, नवाचार और उद्यमिता के केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहयोगात्मक तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उभरती तकनीकों से जुड़ने और अपने ज्ञान को सार्थक समाधानों में बदलने के अवसर प्रदान करना समय की मांग है। सीटी ग्रुप के वाइस चेयरमैन हरप्रीत सिंह ने उद्योग-उन्मुख शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को तकनीकी प्रगति के अग्रणी विशेषज्ञों से रूबरू कराने के लिए सीएसई-सीए विभाग के प्रयासों की सराहना की। वहीं, सीटी ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. जयाशीष सेठी ने विद्यार्थियों को ओपन-सोर्स तकनीकों, आधुनिक डेवलपमेंट फ्रेमवर्क और उभरते एआई आर्किटेक्चर को अपनाने के लिए प्रेरित किया। 'डेवफेस्ट जालंधर 2026' के माध्यम से सीटी ग्रुप ने कक्षा की पढ़ाई और उद्योग जगत की अपेक्षाओं के बीच की खाई को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया है, जिससे भावी पीढ़ी को एआई-आधारित विश्व के लिए तैयार किया जा सके।







मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति व उसके बेटे को जीप से टक्कर मारकर मारने की कोशिश की

फिरोजपुर। थाना जीरा सिटी की पुलिस ने बीते दिन मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति व उसके बेटे को मारने की नियत से जीप से टक्कर मारकर जख्मी करनेवाले दो लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने और अन्य धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सिटी के इंस्पैक्टर जसविन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता कुलविन्द्र सिंह पुत्र बेअंत सिंह वासी गांव कोठे गादड़ी वाला ने बताया कि बीते दिन गुरविन्द्र सिंह पुत्र बलदेव सिंह व बलदेव सिंह पुत्र मक्खन सिंह वासी कोठे गादड़ी वाला ने उसके भाई जसविन्द्र सिंह व भतीजे नवजोत सिंह को मारने की नियत से उनके मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी और जीप को उनके ऊपर चढ़ाने की कोशिश की। इस घटना में उसके भाई व भतीजे को गंभीर चोटें लगी है। मामलें की जांच कर रहे जसविन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

13-11-2026_Layout 1 14-11-2026 01:01 Page 4

इनोसेंट हार्ट्स में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया बाल दिवस

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। इनोसेंट हार्ट्स स्कूल के प्री-प्राइमरी विंग (किंडरगार्टन) के सभी पाँचों कैंपस–ग्रीन मॉडल टाउन, लोहारां, कैंट-जंडियाला रोड, नूरपुर रोड व कपूरथला रोड–में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस उत्सव में प्री-नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के नन्हे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। यह दिन पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को समर्पित था, जिन्हें बच्चे प्यार से 'चाचा नेहरू' कहकर पुकारते हैं। बच्चों के प्रति उनके असीम स्नेह और प्रेम



के कारण ही यह दिन बाल दिवस के रूप में विशेष महत्त्व रखता है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ। इसके पश्चात मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा चाचा नेहरू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षकों ने नन्हे-मुन्नों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं रोचक गतिविधियों का आयोजन किया, जिससे यह दिन उनके लिए यादगार बन गया। चाचा नेहरू की वेशभूषा में सजे नन्हे विद्यार्थियों ने उनके प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं का पाठ किया तथा भाषण प्रस्तुत कर चाचा नेहरू के प्रति अपने प्रेम, प्रशंसा एवं आदर की भावनाएँ व्यक्त कीं। संपूर्ण समारोह बच्चों की खिलखिलाती मुस्कान, उमंग और हंसी-ठिठोली से सराबोर रहा, जिसने नन्हे विद्यार्थियों के लिए बेहद खूबसूरत यादें संजोईं।

SHREE RAM
NEURO CENTRE
NEURO • SPINE • TRAUMA
सही इलाज...
बेहतर कल...
अब अपने शहर जालंधर में
रीढ़ एवं मस्तिष्क
रोगों का सर्वोत्तम उपचार है उपलब्ध
आधुनिक तकनीक | अनुभवी विशेषज्ञ | सुरक्षित इलाज
Dr. Deepashu Sachdeva
(BRAIN & SPINE SURGEON)
हमारी विशेषताएँ
बिना ऑपरेशन के भी इलाज की सुविधा
आधुनिक न्यूरो और स्पाइन सर्जरी
हाई-एंड डायगनोस्टिक सुविधाएँ
व्यक्तिगत और समर्पित देखभाल
आज ही संपर्क करें
श्री राम न्यूरो सेंटर में
98141-75180,
75080-31515
Inside New Ruby Hospital, Link Road, Lajpat Nagar, Jalandhar.
www.drdeepashuneurosurgeon.in

medifacials
LASER HAIR REMOVAL
LASER
moles
pigment
dermatology
Face Toning
acne scar
fatloss
skin care
treatment
tattoo
Cosmetology clinic
HairLoss
skin tags
birthmark
wrinkles
bio peelings
HYDRA FACIAL
Botox
MNRF
PRP
Dr. R.S. CHHABRA
Dermato-Cosmetologist
& Laser Consultant
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH CERTIFIED
NABH
LIVE
the brighter side
of your skin.
LASER beauty WORLDWIDE
Er. G.S. Chhabra
(FOUNDER)
Dr. R.S. CHHABRA's
LASER & SKIN CARE CENTRE
SKIN, COSMETOLOGY, FAT-LOSS & LASER SPECIALISED CENTRE
Chhabra Hospital & Maternity Home
MATERNITY, FERTILITY (IVF), SKIN, LASER & CHILD CARE CENTRE
22, GUJRAL NAGAR, NEAR T.V. CENTRE, JALANDHAR CITY (PB.)
www.ivfcentrepunjab.com | www.babiesworldivfcentre.com | www.laser2skin.com
For Appointment Call : 99887-14150

ICSI
Laparoscopy
PAINLESS DELIVERY
Phototherapy
fertility
OOCYTE & EMBRYO DONATION
Hysterectomy
Neonatal ICU for Pre-mature Babies
LASER HATCHING
USG
IUI
HSG
SEMEN BANK
Fully Equipped LABORATORY
Hormonal Assay
Dr. RANU CHHABRA
Obst/Gynae & IVF Specialist
Babies WORLD IVF INTERNATIONAL
MAKING
motherhood a reality....
MEDI LIFE
NEW BORN ICU
Shree Guru Nanak Dev Om Sai Ram
Dr. RANU CHHABRA's
BABIES WORLD
IVF CENTRE
TEST TUBE BABY CENTRE
Er. G.S. Chhabra
(FOUNDER)
Chhabra Hospital & Maternity Home
MATERNITY, FERTILITY (IVF), SKIN, LASER & CHILD CARE CENTRE
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH CERTIFIED
NABH
22, GUJRAL NAGAR, NEAR T.V. CENTRE, JALANDHAR CITY (PB.)
www.ivfcentrepunjab.com | www.babiesworldivfcentre.com | www.laser2skin.com
For Appointment Call : 99889-27037

Orthonova Hospital
HEAL. REHABILITATE. LIVE BETTER.
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH ACCREDITED
ORTHONOVA GETS
A NEW ADVANCED
ROBOTIC SYSTEM
FOR JOINT REPLACEMENT SURGERY
Better Mobility Brighter Future
Benefits of Robotic Assisted Surgery:
Painless
Small Incision
High Accuracy and Precision
New, Perfectly-fitted Joint
Long Lasting Results
More Natural Feeling and Movement
FOR MORE INFORMATION CALL US
+91 78143-89446
Expert Doctors
Advanced Technology
World Class Facilities
Better Recovery
Move Without Pain
Nakodar Road, Nera Nari Niketan, Jalandhar, Punjab | www.orthonova.in